## खबर संक्षेप

### खुले में पशु मांस और मछली विक्रय पर लगातार जारी है कार्रवाई

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा कलेक्टर मनोज पुष्प के आदेश पर नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली के विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान सोमवार को कलेक्टर द्वारा गठित दल द्वारा शहर के मटन मार्केट क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में बुधवार को खुले में पशु मांस एवं मछली बेचने पर एक दुकानदार पर 2000 रुपए का चालान किया गया। इस दौरान राजस्व अधिकारी साजिद खान स्वच्छता निरीक्षक अरुण गढ़ेवाल एवं निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सिद्धचक्र विधान आमंत्रण पत्रिका विमोचन आज

**छिंदवाड़ा ।** तीर्थंकर महावीर भगवान के 2550 वें निर्वाण महोत्सव वर्ष के अंतर्गत मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में आगामी 25 दिसंबर से 1 जनवरी 2024 तक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान सहित आध्यात्मिक बाल युवा शिक्षण शिविर का राष्ट्रीय आयोजन श्री वीतराग भवन अहिंसा स्थली गोल गंज में श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं बाबाजी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में विविध अनुष्ठानों के साथ आयोजित किया जाना है, जिसकी जोरदार तैयारी प्रारंभ है।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि आठ दिवसीय महोत्सव की मंगल आमंत्रण पत्रिका का विमोचन समारोह आज गुरुवार 21 दिसंबर को श्री आदिनाथ जिनालय स्वाध्याय भवन में रखा गया हैं। जिसमे रात्रि 8.30 बजे से श्री जिनेन्द्र भक्ति एवं 9.00 बजे से पत्रिका विमोचन का कार्यक्रम मंडल, फेडरेशन, प्रियकारणी मंडल एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला के जिनशासन सेवकों के हस्ते किया जावेगा जिसमे सकल जैन समाज सादर आमंत्रित है।

**सख्ती से वसूली का जिले में पहला मामला, रिश्वतखोरी के चलते नगर निगम वसूली में पिछड़ा**

# हर्रई नप अधिकारी ने 86 दुकानदारों से वसूले 20 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



जिले के हर्रई तहसील में नप अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर द्वारा 86 दुकानदारों पर त्वरित कार्यवाही की गई। इन दुकानदारों से अधिकारी द्वारा 20 लाख रूपए वसूल किए गए। इस दौरान दर्जनों से ज्यादा दुकानों की तालाबंदी भी की गई। इसके अलावा अधिकारी द्वारा यहां पर चार दुकानों को दुकानदारों से मुक्त भी कराया गया है। इन दुकानदारों ने यहां अवैध रूप से कब्जा करके रखा था। बकायादारों को नोटिस भी दिए गए। जल्द बकाया भुगतान नहीं किया गया तो अन्य दुकानदारों पर भी तालाबंदी की कार्यवाही की जाएगी।

इसी क्रम में वर्षों पूर्व नगर परिषद द्वारा बनाए गये कंपलेक्स एवं अन्य दुकानों का किराया एवं अमानत राशि बसूली को लेकर दुकानदारों के द्वारा वर्षों से किसी भी प्रकार से कोई राशि जमा नहीं की जा रही थी अधिकारी के द्वारा 86 वकायादार दुकानदारों से लगभग 20 लाख की वसूली की गई जिसमें दर्जनों दुकानों में तालाबंदी की कार्यवाही भी की गई है जिनके द्वारा वर्षो से नगर परिषद मे किसी भी प्रकार से किराया नहीं जमा किया गया है इसके अलावा चार अन्य दुकानदारों से चार दुकान कब्जा मुक्त कराई गई इन दुकानदारों के द्वारा अवैध रूप से दुकान पर कब्जा कर बरसों से दुकान का संचालन कर रहे थे अधिकारी द्वारा बताया गया कि पूर्व में नगर परिषद की लचर व्यवस्था के चलते दुकानों की नीलामी के उपरांत किसी भी दुकानदार से एग्रीमेंट नहीं करवाया गया जो की एक बहुत बड़ी वितिय अनियमितता के दायरे में आता है हर्रई नगर परिषद अधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी बकाया दार दुकानदारों को नोटिस दे दिए गए हैं एक समय सीमा पर बकाया भुगतान जमा नहीं होने पर अन्य दुकानों में भी तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा अवेध रूप से दुकानों पर कब्जा करने वाले दुकानदारों पर नगर परिषद अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

### नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारी कर रहे सिर्फ कागजी कार्यवाही

नगर निगम में अभी तक ऐसी वसूली नहीं की गई है जबकि निगम में लगभग तीस करोड़ की देनदारी बाकी है। विभाग में बैठे वर्षों से जमे बाबू सिर्फ नोटिस नोटिस खेल रहे है। अधिकारी बाबूओं की मदद से पैसा खा रहे है। यह आरोप सिर्फ इसलिए है कि कार्यवाही का डर दिखाकर जिम्मेदार अपना जेब भरने की कार्यवाही कर रहे है। सैकड़ों ऐसे उदाहरण है जो नियम विरूद्ध किए जा रहे है परंतु भ्रष्टाचार के चलते सख्त कार्यवाही नहीं हो पा रही है। निगम अब भ्रष्टाचार का निगम बन गया है।

**काउंसलरों ने गुलदस्ता देकर किया सम्मानित**

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में तीन परिवारों के बीच हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

अनु विभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव श्री के के अवस्थी जी के मार्गदर्शन में प्रति शनिवार आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में इस सप्ताह तीन प्रकरणों में समझौता हुआ पहले प्रकरण में पत्नी अपने पति के साथ रहने के लिए तैयार नहीं थी पति ने उन्हें ले जाने का बहुत प्रयास किया लगभग 3 वर्षों से पत्नी अपने दो बच्चों के साथ अलग रह रही थी तथा बच्चों का भरण पोषण भी पत्नी ही कर रही थी परामर्श केंद्र में पति-पत्नी दोनों को बुलवाकर उनके बीच अलग रहने का कारण एवं एक दूसरे की परेशानी सुनी गई तथा उन परेशानियों को आपस में सुलह कर दूर किया गया पति-पत्नी दोनों अब एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए और पत्नी भी खुशी-खुशी अब अपने पति के साथ रह रही है इस अवसर पर दोनों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया तथा काउंसलरों ने दोनों को फूलों का गुलदस्ता देकर देखकर सम्मानित किया एवं उनके द्वारा पौधारोपण करवाया गया वहीं दूसरे प्रकरण में पति-पत्नी एक दूसरे से लगभग 2 साल से पारिवारिक हस्तक्षेप के कारण अलग-अलग रह रहे थे दोनों को काउंसलरों द्वारा अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारियां का निर्वाह तथा बच्चों की देखरेख करने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने अपनी-अपनी गलतियों को स्वीकार कर एक साथ रहने के लिए तैयार हुए एवं उन्होंने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया तथा काउंसलरों द्वारा उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर उनके हाथ एक पौधा रोपण करवाया गया वहीं तीसरे प्रकरण में शराब की लत के कारण परिवार में कलह उत्पन्न हो रही थी।

# सीएम डॉ. यादव ने आनंदाश्रम में की अपने अध्यात्मिक गुरू विवेक से भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल पांढुर्ना दौरे पर आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्राम पाठई में जनसंवाद कार्यक्रम के बाद पांढुर्ना से 15 किमी दूर राजना के पास ''आनंदाश्रम'' में निवास करने वाले अपने अध्यात्मिक गुरू श्रद्धेय श्री विवेकजी से विशेष भेंट कर आशिर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बीते 10 सालों से श्रद्धेय श्री विवेकजी का मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे है। मुख्यमंत्री महोदय श्रद्धेय श्री विवेकजी के साथ नर्मदा परिक्रमा के अलावा अनेक धार्मिक यात्राओं में सहभागी रहे है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविद भी श्रद्धेय श्री विवेकजी को अपना अध्यात्मिक गुरू मानते है। श्रद्धेय श्री विवेकजी का पांढुर्ना से 20-22 साल पुराना नाता है। जामसांवली पदयात्रा के शुरूआती वर्षों में श्रद्धेय श्री विवेकजी भी इस यात्रा को लेकर काफी सक्रिय रहे है। इसके बाद इन्होंने माता नर्मदा की परिक्रमा पर अपना ध्यान केंद्रित किया। जब पूरे देश में महामारी कोविड फैल गई तो उस समय से श्रद्धेय श्री विवेकजी ने पांढुर्ना के पास राजना परिसर में आनंदाश्रम में अपना निवास बना लिया। इसके बाद से श्रद्धेय श्री विवेकजी अपनी अध्यात्मिक यात्राएं, चिंतन एवं मनन आनंदाश्रम में ही करते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में श्रद्धेय श्री विवेकजी माता नर्मदा परिक्रमा पर आधारित शिव सूत्र की रचना करने में लगे हुए है।

### बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर निकलने पर की गई पुलिस द्वारा कार्रवाई

**सिंगोड़ी।** अमरवाड़ा में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए बुधवार को जिला मुख्यालय प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा के निर्देश पर अभियान निरंतर जारी है इसके तहत पुलिस द्वारा छिंदवाड़ा रोड एवं नरसिंहपुर रोड पर नाकाबंदी कर चलानी करवाई की जा रही खास तौर पर बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। सैकड़ो से अधिक दुपहिया वाहनों के चालान बनाकर जुर्माना लगभग 3500 की राशि वसूल की गई है। इसके साथ ही दर्जन से ज्यादा वाहन भी जब्त किए गए हैं। अनुविभागी अधिकारी एवं थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिले में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने और उनसे होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए अभियान की शुरुआत की गई। मुख्य मार्गों के विभिन्न स्थानों में अभियान चलाया जा रहा जिस में बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों के चालान बनाए गए। उन्हें हेलमेट लगाने की हिदायत दी गई जिसमें उप निरीक्षक कतार सिंह बघेल सुभाष तिवारी श्याम साहू संजीव कुमार टेकाम एवं समस्त पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई की।

# नगर निगम आयुक्त ने ली टीएल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा बुधवार को निगम सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली गई। बैठक में निगमायुक्त ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध की जाने वाली तैयारियो की समीक्षा की एवं यात्रा के संबंध में विस्तृत आदेश जारी करने के निर्देश दिए इसके साथ ही आयुक्त ने विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर योजनाओं के लाभ देने के निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार आयुक्त ने शहर में खुले में पशु मांस एवं मछलियों के विक्रय पर कार्यवाही की समीक्षा की एवं निर्देशों को अवहेलना पर चालान करने के निर्देश दिए।निगमायुक्त ने बैठक में सभी भवन निरीक्षकों को भवन अनुज्ञा के प्रकरण समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए एवं प्रशमन योग्य भवनों के प्रशमन प्रकरण तैयार करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने अनुज्ञा के विपरीत बने भवनों पर कार्यवाही करने के आदेश दिए। बैठक में शहर के व्यवसायिक भवनों में फायर सेफ्टी के जांच कर अनियमितता पाए जाने पर भवन स्वामी पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए इसके साथ ही निगम के लिजधारियो के रिकॉर्ड की जांच कर लिजधारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में निगमायुक्त राहुल सिंह ने विभिन्न शासकीय योजनाओं, संजीवनी क्लिनिक एवं अमृत योजना की प्रगति की समीक्षा की। पीएम स्वनिधि योजना के 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार के अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ देने के निर्देश दिए। शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त ने मुख्य स्थानों एवं आश्रय स्थलों में लगातार अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही आयुक्त ने जनसुनवाई, कलेक्टर टीएल, सीएम हेल्पलाइन, उत्तरा पोर्टल, महापौर हेल्पलाइन सहित निगम टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की एवं समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त कमलेश निरगुडकर, कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली सहित सभी शाखा प्रमुख एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ब्रह्म समाज महिला मंडल ने वितरित किए गर्म कपड़े



**जुन्नारदेव।** ब्रह्म समाज महिला मंडल जुन्नारदेव द्वारा शांति धारा अनाथ आश्रम भमोरी में शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। जिसमें ब्रह्म समाज की अध्यक्ष कीर्ति उपाध्याय, उपाध्यक्ष मनीषा चतुर्वेदी, कल्पना उपाध्याय, निशा तिवारी, आशा द्विवेदी, रजनी तिवारी, कविता मिश्रा, मोहनी तिवारी, रुचि मिश्रा, सीमा गौतम, रोली द्विवेदी, मनीष एवं सुदीक्षा चतुर्वेदी उपस्थित रही। वर्तमान में ठंड के भीषण प्रकोप को देखते हुए ब्रह्म समाज ने यह अनुकरणिक पहल की है और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर गरीब बेसहारा की मदद करने की बात भी कही गई है।

# बरारिया और बेलगांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन आज बरारिया और बेलगांव में हुआ जिसमें विभागीय अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनकर उन्हें त्वरित निदान करने का आश्वासन दिया। शिविर में ग्राम पंचायत बरारिया के 85 हितग्राहियों ने विभिन्न योजना की आवेदन पत्र जमा किए। नायाब हसीलदार राजेंद्र खंपाडिया मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस यात्रा में भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया ने कर्मचारी और अधिकारियों को ईमानदारी से शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों दिलाया जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे प्रयासरत है । यात्रा में पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया जनपद सदस्य शांति उइके ,मंडल अध्यक्ष मनीष यादव ने भी संबोधित किया। सरपंच मोहन कहार ने भी विकसित भारत संकल्प यात्रा में आए सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और कर्मचारी का आभार व्यक्त करते हुए शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करने की बात कही है।

# जैकी ने भरा जनपद सदस्य बनने के लिए नामांकन

**दो सरपंच एक पंच और एक जनपद सदस्य का होना है उपचुनाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



जनपद सदस्य रईस खान की सदस्यता रद्द होने के बाद जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 से जनपद सदस्य बनने के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी जैकी ऊर्फ रूपेश नागवंशी ने बुधवार को अपना नामांकन फॉर्म निर्वाचन अधिकारी के पास जमा किया । 5.जनवरी को दो सरपंच एक पंच और एक जनपद सदस्य के लिए चुनाव होना है ।

जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 दीघावानी की सीट जनपद सदस्य रहे रईस खान की सदस्यता रद्द होने के बाद से खाली पड़ी थी । इसके अलावा ग्राम पंचायत उरधन और खजरी अंतू में निर्वाचित सरपंचों की आकस्मि मृत्यु के बाद यहां सरपंच पद रिक्त था ।

इसी तरह ग्राम पंचायत भमोडी. के वार्ड क्रमांक 6 में पंच का पद खाली पड़ा हुआ था । जिनके लिए उपचुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । जिसके तहत बुधवार को जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 से सदस्य का चुनाव लड़ने के लिए दीघावनी निवासी जैकी उर्फ रूपेश नागवंशी ने शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीपाल , अधिवक्ता बबलू नागवंशी, राजेंद्र कोचले , समर्थक शत्रु कहार , सलीम कुरैशी , राहुल डेहरिया के साथ अपना नामांकन फॉर्म दाखिल किया । सूत्रों से पता चला कि इसी क्षेत्र से कांग्रेस समर्थित दीपक जायसवाल भी चुनाव मैदान में उतरने के लिए अपना फार्म जमा करेंगे । गौरतलब है , कि दीपक जायसवाल ग्राम पंचायत दीघावानी की सरपंच के पति भी हैं । इन उपचुनाव के लिए 23 तारीख को स्क्रूटनी और नामांकन वापसी होना है । वहीं 5 जनवरी को मतदान होगा । मतदान पूर्ण होने के बाद मतगणना होगी ।

# जन सहयोग से स्कूली छात्रों को बांटी गई ठंड से बचने स्वेटर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मौसम में जबरदस्त ठंड के साथ बदलाव दिख रहा है। जिले में कड़कड़ाती ठंड के बीच गरीब आदिवासियों के बच्चे पर्याप्त साधनों के अभाव में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। ऐसे में कुछ ऐसे लोग है जो अपने मन में इन बच्चों के प्रति सहानुभूति, मानवता का भाव लेकर कुछ कर गुजरने का साहस करते है और यह साहस कर दिखाया है समाजसेवी दयानंद चौरसिया ने। जहां जन सहयोग से बुधवार को ग्रामीण आदिवासी अंचल के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुआ में अध्ययनरत छात्रावास के आदिवासी छात्रों को ठण्ड से बचाव हेतु स्वेटर का वितरण किया। इसके पूर्व भी स्कूल के कुछ शिक्षकों के माध्यम से आर्थिक सहयोग दिया गया और बच्चों को निशुल्क गरम कपड़े प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सुरेश बरखे, शिक्षिका रेणुका गडकरी, डॉ. वैभव अलोणी, कविता सहारे, इवनाती जी, प्रकाश वर्मा, मनीष गडकरी, कन्हैया साहू, प्रियंका दोड़के, सरस्वती खरपूसे, धनुष माटे, गंगाधर बट्टी, पहाड़े जी उपस्थित थे । श्री चौरसिया ने बताया कि उनके इस कार्य में सहयोग करने वाले योगेश पटेल, विजय ताम्रकार, गोलू बोहरा, सुमेर सिंह नैयर, मोनू

**संतरों के लिए कोल्ड स्टोर की संभावना तलाशे, स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक व स्टाफ की व्यवस्था हो**

# वंचितों को मिले योजनाओं का समुचित लाभ:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



पांढुर्ना कलेक्टर अजय देव शर्मा ने आज समय-सीमा की बैठक में विभागों के कार्यों और योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। कलेक्टर ने हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का विभागीय स्तर पर निराकरण कर हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने, अधिकारियों से प्रत्येक बुधवार को क्षेत्र का भ्रमण कर कार्यालयों व संस्थाओं की जांच के साथ अधिनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने को स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि केन्द्रों पर चिकित्सक, नर्स और स्टाफ की नियमित उपस्थिति के साथ नियमित उपचार व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीण अंचलों के मरीजों को असुविधा ना हो। स्वास्थ्य अधिकारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं व व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए सतत भ्रमण करने भी कहा। बैठक में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से उद्यानिकी व्यवस्थाओं को सुचारू रखते हुए पेड़-पौधों की बेहतर देखरेख व नए पौधरोपण के कार्य कराने के दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सौसर-पांढुर्ना क्षेत्र के संतरा किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो सके। बैठक में बांग्लादेश में संतरा इंपोर्ट नही होने से इसके भाव पर असर पड़ने की बात सामने आई। जिस पर कलेक्टर ने उद्यानिकी अधिकारियों को संतरों के रखरखाव के लिए कोल्ड स्टोर निर्माण की संभावनाएं तलाश कर किसानों को संतरों के उचित मूल्य दिलाने के लिए कार्ययोजना बनाने कहा।

### कमजोर बच्चों पर ध्यान दे

इसके अलावा मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित हितग्राहियों को समुचित लाभ दिलाने पर जोर दिया। साथ ही किसान सम्मान निधी की जांच कराकर पात्र व वंचित हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शैक्षणिक संस्थाओं के शैक्षणिक स्तर की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्राथमिक व माध्यमिक के बच्चों पर आवश्यक रूप से ध्यान देने की बात कही। कलेक्टर ने कहा विशेष ध्यान दिए जाने से उच्च शिक्षा का आधार मजबूत होकर गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा। कलेक्टर ने यह भी कहा कि बच्चों की भाषा शैली के साथ ही कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पढ़ाई का बोझ बढ़ाए जाने के बजाय लिख-लिखकर पाठ्यक्रम की तैयारी करवाएं। साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति के चलते पढ़ाई से दूर हो रहे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम जोबनी एवं कोपरावाडी खुर्द

# भाजपा सरकार कर रही है हर गांव का विकास: मोहोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बुधवार को ग्राम पंचायत जोबनी ,कोपरावाड़ी खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सौसर क्षेत्र के ग्राम पंचायत में प्रतिदिन कार्यक्रम का आयोजन करते हुए केंद्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत जोबनी एवं कोपरावाड़ी खुर्द में संपन्न हुए आयोजन में जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन के दौरान ग्राम वासियों के साथ मेंविकसित भारत यात्रा में सहभागी बन कर केंद्र की मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा की गई है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़ ने कहा केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बिना भेदभाव किया सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के मार्ग को लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम आदमी के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर गरीब को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सराहनीय प्रयास विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से किया हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर घर तक पहुंचेगी। हर वर्ग को उन्नति की राह पर आगे बढ़ाना है। केंद्र सरकार की हर योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना ही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, सरपंच अनिल परतेती, मोरेश्वर मर्सकोले,खेमराज सोनेकर आदि थे।कोपरावाड़ी खुर्द सचिव नंदकिशोर गजभिए ने बताया मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का अधिक से अधिक लाभ ग्राम पंचायत के हितग्राहियों को मिले इसलिए पंचायत की ओर से काम किया जा रहा है। सातवीं विकसित भारत संकल्प योजना के अंतर्गत मिले गए निर्देशों पर भी अमल किया जा रहा है।



### मेरे राम अयोध्या आ रहे थीम पर 30 को निकलेगी जामसांवली पदयात्रा

**पांढुर्ना :** हर साल के अंतिम शनिवार को होनेवाली विशाल जामसांवली पदयात्रा की तैयारियां नगर में अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। चूंकि आगामी 30 दिसंबर को ही वर्ष का अंतिम शनिवार है इसलिए तैयारियां लगभग समाप्ती की ओर है। इस यात्रा को हर वर्ष की भांति सफल बनाने के लिए यहां के चंडी माता मंदिर में बैठकों के कई दौर हो चुके है। ज्ञात हो कि पांढुर्ना से जामसांवली के सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर तक की जाने वाली यह पदयात्रा 14 वर्ष पहले 2010 में शुरू हुई थी। यात्रा को 14 वर्ष बीते जाने को लेकर इस वर्ष की पदयात्रा को ''मेरे राम अयोध्या आ रहे है'' की थीम पर आयोजित किया जा रहा हैं। आगामी 30 दिसंबर को नगर के हृदयस्थल गुंजरीबाजार में प्राचीन हनुमान मंदिर से तडके 5 बजे बजरंग बलि की प्रतिमा का पंच द्रव्य से स्नान कर सिंदूरी चोला पहनाकर पूजन किया जाएगा। सुबह 6 बजे भगवान श्री रामचंद्र, माता जानकी लक्ष्मण एवं वीर हनुमान की मूर्तियों के पूजन उपरांत उन्हें रथ में विराजमान कर 1111 ध्वजों के साथ इस जामसांवली पदयात्रा की शुरूआत की जाएगी। इस यात्रा में भक्तों द्वारा लायी गई विविध प्रकार की झांकियां शामिल की जाएगी। विशाल जामसांवली पदयात्रा समिति द्वारा नगर के 114 हनुमान मंदिरों में समिति के माध्यम से विशाल हनुमान चालीसा पाठ की शुरूआत की गई है। इसके तहत नगर के विभिन्न मंदिरों में प्रत्येक शनिवार को सामूहिक रूप से संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का आरंभ किया गया। आगामी 30 दिसंबर को पदयात्रा क दिन 311 सप्ताह का पाठ जामसांवली मंदिर में पूर्ण किया जाएगा। हर वर्ष की भांति वार्षिक हनमान चालीसा पाठ आगामी 25 दिसंबर के सरगम टॉकीज में होने जा रहा है। इस पदयात्रा के आयोजन के पूर्व आयोजक समिति द्वारा सभी शासकीय कार्यालयों में पत्र प्रस्तुत कर आवश्यक सुविधाओं की मांग की गई हैं। इस यात्रा में शामिल होनेवाली भजन मंडलियों, झांकियों को पुरस्कृत किया जानेवाला है। एक दिन में 38 किलोमीटर तक पदयात्रा वाली यह मध्यप्रदेश की सबसे बडी सामूहिक धार्मिक भक्तों की अधिक संख्या वाली यात्रा मानी जाती है।

## जख्मी गौमाता का किया नागरिकों ने आगे आकर इलाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

इन दिनों नगर के आवारा पशुओं पर प्रशासन एवं गौ सेवकों के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते आवारा पशुओं के कारण दुकानदारों एवं नगर वासियों को परेशान होना पड़ रहा है। नगर में विचरण कर रहे आवारा पशुओं के कारण अक्सर बाजार में लोगों एवं सब्जी विक्रेताओं होटल संचालकों को भारी परेशानी हो रही है।एक और जहां प्रशासन एवं गोरक्षकों के द्वारा गौ माता की रक्षा का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नगर क्षेत्र में आवारा रूप से विचरण करते हुए गौ माता की रक्षा के लिए कोई आगे आता हुआ नजर नहीं आ रहा है।जिसके चलते नगर की सड़कों पर कई घायल गौमाता अपने इलाज के लिए भी परेशान हो रही है। बुधवार को नगर में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसमें जख्मी और खून से लटपथ गौमाता सड़कों पर इलाज के लिए तरसती हुई नजर आई है। परंतु बहुत देर तक गौ माता का इलाज नहीं होने के बाद मेंस्वयंसेवी संस्था से जुड़े हुए वृक्षमित्र अरुण ठाकरे एवं गोपाल कोठे, पंकज तंवर के द्वारा गौ माता के जख्म का इलाज करते हुए उसे पशु चिकित्सा विभाग तक पहुंचा है। श्री कोठे ने बताया की पशु मालिकों की लापरवाही के कारण आवारा जानवर जख्मी हालत में नगर की सड़कों पर घूम रहे है।आवारा पशुओं को लेकर स्थानीय प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा नगर की रोजगारोन्मुखी संस्था कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान सेडी अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन एवं ब्राइट कैरियर हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा एशियन आई केयर हॉस्पिटल छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 20 दिसंबर दिन बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एशियन आई केयर हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञों डॉ प्रशांत सिंह राजपूत डॉ अश्विनी मसारकार अमर बघेल के द्वारा आंखों की जांच की गई जिसमें 153 लोगों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया एवं विशेषज्ञों द्वारा समस्त शिवरार्थियों को आंखों के उपचार के लिए संतुलित आहार जैसे की हरी सब्जियां फल के सेवन एवं आंखों के संक्रमण से बचने के उपाय बताए गए इस अवसर पर संस्था के अकाउंट ऑफिसर अशोक साहू ब्राइट कैरियर स्कूल के प्राचार्य संकेत जैन संचालक स्वप्नेश जैन प्रोजेक्ट ऑफिसर राजकमल जैन ट्रेनर सचिन यादव हिंसुराम धुर्वे सुरेश यादव सहित सैकड़ो प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



## गोवा रवाना हुई कराटे खिलाड़ियों की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए सौसर से कराटे खिलाड़ियों की एक टीम बुधवार को पनजी गोवा के लिए रवाना हुई है ।कराटे खिलाड़ियों के द्वारा आगामी23 एवं 24 डिसेम्बर को पणजी गोवा मे राष्ट्रीय कराते प्रतियोगीता में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाएंगे। प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए संजय मार्शल आर्ट स्कूल के संचालक संजय भुजाडे ने बताया की शोतोकानरयु चीडोकाई कराते असोसीएशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है ।इस प्रतियोगीता मे राज्य स्तरीय प्रतियोगीता मे जो खिलाडी चयनित हुए है ।वे प्रतिभागीता करेगे संजय मार्शल आर्ट स्कूल सौंसर के 7 कराते खिलाडी इस प्रतियोगीता मे मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेगे ।जिसमे ध्रुव प्रमोद पातुरकर, मयंक बरखडे, यशस्वी खैरवासिया, हिमेश खैरवासिया, हिमांशु ठाकरे, प्रेमराज वटटी, अभिनंदन गोमकाले का समावेश है ।सभी खिलाडी अपने अपने आयु एवं वजन वर्ग मे खेलेंगे। संजय मार्शल आर्ट स्कूल स्टाफ की ओर से महिला कराते प्रशिक्षिका डिम्पल शेखर गावंडे सभी कराते खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे है। सभी कराते खिलाड़ियों को नगर वासियों ने सभी खिलाड़ियों को एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए गोवा के लिए रवाना किया है।

### वार्डवार नपा कर्मचारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी, नए मकानों को किया जाएगा दर्ज

## शहर में शुरू हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विकसित भारत के संकल्प के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को घर-घर पहुंचाने के मकसद से नगरीय क्षेत्र कटंगी में भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव के आदेश पर नपा कर्मचारियों की वार्डवार टीम का गठन किया गया है. बुधवार को टीम के सदस्यों ने शहर के प्रत्येक वार्ड में भ्रमण करना शुरू कर दिया है. बता दें कि भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजना जैसे स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि आदि प्रमुख योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के लिए सुलभ बनाने और नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच सुगम बनाने नपा कर्मचारी शहर में भ्रमण कर रहे है. इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवास, बिना अनुमति आवास निर्माण, खाद्यान्न पर्ची पात्र-अपात्र के संबंध में और जनकल्याणकारी योजनाओं के सत्यापन का कार्य आगामी 26 जनवरी तक शहर में चलाया जाना है. इस अभियान के तहत यह भी देखा जा रहा है कि हर घर तक बिजली, पानी मिल रहा है या नहीं नालियों की सफाई हो रही है या नहीं. जिन इमारतों का नया निर्माण किया गया है वह नपा में दर्ज है या नहीं. जो मकान दर्ज नहीं है नपा कर्मचारी उन मकानों के भूखंड का नाप कर रहे है।

मिली जानकारी अनुसार घर-घर जाकर सर्वे की जानकारी एकत्रित करने के लिए नोडल अधिकारी और वार्ड प्रभारी के साथ सहायक कर्मचारी भी तैनात किया गया है. वार्ड क्रमांक 01 से 08 तक के लिए दिनेश धानेश्वर को और वार्ड क्रमांक 09 से 15 तक की जिम्मेदारी नोडल अधिकारी राजेश चौकसे को दी गई है. वहीं श्रीमति प्रियंका नेताम, जयशंकर शर्मा, अंकुश तिवारी, रवि कड़वे, सुखराम परते, श्याम धुर्वे, शिवलाल वरकड़े को वार्ड प्रभारी और सिद्धार्थ हिरकने, राजकुमार नामदेव, निलम हुमनेकर, हद्वयराज मेश्राम, नीलम नागेश्वर, एकता चौधरी को सहायक के तौर पर नियुक्त किया गया है।

## नवकार उपाधि अलंकरण के लिए 138 धर्म गुरु, सामाजिक संसथान, समाजसेवियों की सूची हुई जारी

### सम्मान महोत्सव 2024 नवकार उपाधि महोत्सव सीजन 4 एवं जज़्बात ऐ कलम सीजन 3 सम्मान का समूहि स्वरुप

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

सच्चा दोस्त ग्रुप ऑफ़ कमपनीज़ के द्वारा वर्ष 2013 से आयोजित हो रहे देश-विदेश के पत्रकार एवं कलाकारों के लिए जज़्बात ए कलम अवार्ड के साथ ही जैन समाज का सबसे बड़ा सम्मान अवार्ड नवकार उपाधि अलकरण जिसकी नीव 2016 में गौ रक्षक समाजसेवी, वरिष्ठ पत्रकार रह चुके स्वर्गीय श्री अशोक जी लुनिया साहब ने धर्म एवं तप की नगरी उज्जैन मध्यप्रदेश में रखी थी, जो आज भी जीवंत रूप से संचालित हो रहा है। स्वर्गीय श्री अशोक जी लुनिया के पुत्र गौ रक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार हिन्दू युवारत्न, संपादक रत्न सम्मान से सम्मानित जैन विनायक अशोक लुनिया ने एक बार फिर से सम्मान आयोजनों की कमान सँभालते हुए समस्त सम्मान आयोजन को एक ही साथ सम्मान महोत्सव के रूप में आयोजित करने का निर्णय लेते हुए सम्मान महोत्सव 2024 का आयोजन 16-17 मार्च को करने जा रहे है।

श्री लुनिया ने मीडिया को जानकरी देते हुए कहा की नवकार उपाधि अलकंरण सीजन 4 आयोजन 2022 होना तय तह जिसकी पूर्ण तैयारी भी हो चुकी थी, किन्तु 4 अगस्त 2022 को सच्चा दोस्त ग्रुप की सीईओ श्रीमती कृष्णा देवी अशोक कुमार जी लुनिया साहब का स्वर्गवास हो गया और सच्चा दोस्त ग्रुप के सर पर से माँ का अंचल उठ गया था, इस जिसके आयोजन को आगे बढ़ाते हुए एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया गया था। मेरे द्वारा गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करो अभियान के लिए देश भर के माननीय विधायकगण एवं सांसद महोदय से व्यक्तिगत रूप से मुलाक़ात करते हुए समर्थन प्राप्त किया जा रहा है, जिस कारण से हमने अब निर्णय लिया है, की सच्चा दोस्त समूह द्वारा आयोजित अवार्ड को हम आगामी वर्ष में 16 - 17 मार्च को हमारे पितृ पुरुष स्वर्गीय अशोक जी लुनिया साहेब के छटवे पुण्य तिथि पर एवं माता जी स्वर्गीय कृष्णदेवी अशोक जी लुनिया साहेब की स्मृति स्वरुप सम्मान महोत्सव के रूप में मनाएंगे जिसमे 162 नवकार उपाधि अलंकरण के साथ जज़्बात कलम अवार्ड से देश विदेश के 50 से कलमकारों के साथ 30 कलाकारों

## 24 को अखिल भारतीय पंवारी साहित्य सम्मेलन का आयोजन

**कटंगी।** राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा प्रणिता पंवारी साहित्य कला संस्कृति मंडल के तत्वाधान में आगामी 24 दिसंबर को कटंगी के भोज पंवार मंगल भवन में पंवारी साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया जाना है. सम्मेलन की अध्यक्षता विदर्भ भूषण ज्येष्ठ साहित्यकार डॉ. ज्ञानेश्वर टेंभरे द्वारा की जाएगी. वहीं कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, इंजिनियर मुरलीधर टेंभरे और महासचिव पुष्पा निरंजन बिसेन उदघाटक होगें. सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष डॉ. टी.एस.पंवार होगें. साहित्य सम्मेलन में ज्येष्ठ साहित्यकार नागपुर को 'जीवन गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा. वहीं डॉ. तुफान सिंह पारधी को पवारी बोली आचार्य भूषण से सम्मानित किया जाएगा. सम्मेलन में पूर्व कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे. डॉ. गौरीशंकर टेंभरे, मिनेश कुमार, थानसिंह हरिनखेडे राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा अनुसंधान शाला, लेख सिंह राणा ज्येष्ठ समाजसेवी, युवराज हिंगवे युवा साहित्यकार, प्रो. रूपलाल राणा विशेष अतिथि होगें. साहित्य सम्मेलन में डॉ. ज्ञानेश्वर टेंभरे, सी.एच. पटले, चिरंजीवी बिसेन गोंदिया, छगन रहांगडाले नागपुर, रामचरण पटले की पुस्तकों का विमोचन होगा. सम्मेलन में कवि रत्न रवीन्द्र टेंभरे नागपुर, वंदना कटरे 'रामकमल', गोंदिया, लेखक रत्न रामचरण पटले नागपुर, पवारी बोली शोधार्थी पंकज टेंभरे को पुरस्कृत किया

## समनापुर में किया गया मंडई मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज उकवा।

जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत समनापुर में 20 एव 21 दिसंबर बुधवार गुरुवार को दो दिवसीय मंडई मेले का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि माननीय यशवंत शरणागत एं मिश्रीलाल शरणागत की उपस्थिति में आस पास के करीब दस गांव से सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी ने मंडई मेले का भरपूर आनंद उठाया महिलाये एवं बच्चों ने खरीददारी के साथ साथ गोवारी नृत्य का भी भरपूर आनंद उठाया । मंडई मेले में गोवारी समाज का एक बड़ा महत्व है जिनके द्वारा पारम्परिक गोवारी नृत्य लाठी मुकाबला आदि प्रस्तुत किया जाता है जिनके लिए मंडई समिति के द्वारा ईनाम भी रखा जाता है । समनापुर मंडई समिति के द्वारा भी गोवारी नृत्य में प्रथम ईनाम 3001 रु भोरवाही परसवाड़ा की टीम को दिया गया द्वितीय ईनाम 2001 रु समनापुर की टीम को एवं सभी को प्रोत्साहन राशि 500रु दी गई । ग्राम पंचायत समनापुर मनोज उईके सरपंच लोकेश शरणागत उपसरपंच अशोक सैयाम रवि चौकसे डॉ बिसेन विवेकानंद तिवारी पत्रकार आनंद गोदरे एवं समस्त समिति सदस्य ग्रामीणजनों एवं आदि का भरपूर योगदान रहा ।

### मार्केट में दुकानदारों की संख्या अधिक दुकानें कम, नपा बनाएगी नया मार्केट

# शुक्रवार को खुले में ही लगेगा मछली बाजार : अध्यक्ष और सीएमओ ने मटन मार्केट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने शपथ लेते ही खुले में मांस-मछली बेचने वाली दुकानों पर रोक लगाने के निर्देश दिए है. इन निर्देशों का पालन कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तेजी से प्रयास किए जा रहे है. इसी क्रम में कटंगी शहर में भी नगर परिषद के द्वारा मटन मछली मार्केट के दुकानदारों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी गई कि वह खुले में मांस-मछली ना बेचे अगर शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर कोई ऐसा करते पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी. नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, उपयंत्री और पार्षदों ने मुंदीवाड़ा रोड़ स्थित मटन मार्केट का निरीक्षण किया. जहां दुकानदारों को शासन के निर्देशों की जानकारी दी. वहीं दुकानदारों ने भी अपनी परेशानियों से जनप्रतिनिधियों और अधिकारी को अवगत करवाया. दुकानदारों ने बताया कि मार्केट में अभी पर्याप्त संख्या में दुकानें नहीं है. साधारण दिनों में तो दुकानदार जैसे-तैसे व्यवस्था बनाकर मार्केट के भीतर दुकानों का संचालन करते है लेकिन साप्ताहिक बाजार शुक्रवार के दिन यह संभव नहीं है. इस दिन गांव-देहात से भी मछली विक्रेता बाजार आते है. जिसके बाद अध्यक्ष और सीएमओ ने शुक्रवार को खुले में ही मछली बाजार लगाने पर सहमति दे दी है हालांकि पुरानी चावड़ी के पास व्यवस्था बनाने का दावा भी किया गया है. नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि 10 साल पहले मार्केट बना था लेकिन आज दुकानदारों की संख्या में इजाफा हो रहा है तो भविष्य में मटन मार्केट के स्थान में परिवर्तन किया जाएगा।

बता दें कि वैसे तो शुरूआत से ही अलग-अलग नियमों के अंतर्गत खुले में मांस-मछली की बिक्री पर रोक के नियम वर्षो पहले से प्रदेश में लागू हैं लोगों के जीवन से जुड़ा विषय होने के बाद भी इन पर नियमों का पालन अभी तक नहीं हो रहा था लेकिन प्रदेश में नए मुख्यमंत्री ने शपथ लेते ही इस पर कड़ाई से पालन करने के आदेश दिए. गौरतलब हो कि आदेश लागू होते ही उन दुकानदारों पर कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है जो गली-मोहल्लों या धार्मिक स्थलों के पास सड़क किनारे मांस, मछली और अंडों की दुकानें चलाते थे लेकिन दूसरी तरफ ग्रामीण अंचलों के हाट-बाजार में मांस-मछली और अंडे बेचने वाले छोटे दुकानदार रोजी-रोटी के संकट को लेकर परेशान हो रहे है. कहा जा रहा है कि छोटे दुकानदारों को इसका ज्यादा नुक़सान उठाना पड़ेगा. वहीं गांव-गांव में बाजार में मटन-मछली बेचने वाले दुकानदारों से जब इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि हम तो जैसा पहले से व्यापार करते आए है उसी तरह करते रहेंगे. प्रशासन अगर चाहे तो कार्रवाई कर सकता है लेकिन हम दुकानदारी बंद नहीं कर सकते. शासन को इस तरह का नियम लागू करने से पहले ग्रामीण अंचलों में लगने वाले हाट-बाजारों में मटन मछली की दुकानों को लगाने के लिए अलग से बाजार बनाकर देना चाहिए था।

### इनका कहना है

कटंगी मछली-मटन मार्केट का निरीक्षण किया गया दुकानदारों को शासन के निर्देशों की जानकारी देते हुए सहयोग की अपील की गई है कटंगी में जो मटन मार्केट बना है वह करीब 10 साल पुराना है अब दुकानदारों की संख्या बढ़ गई है नए मार्केट बनाने की आवश्यकता है जिस पर विचार किया जा रहा है।

**योगेंद्र ठाकुर अध्यक्ष, नगर परिषद कटंगी**

## 23 दिसंबर 2023 को जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए शिविर का आयोजन

**बालाघाट।** डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर बालाघाट के निर्देशन एवम डॉक्टर मनोज पाण्डेय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में भारत शासन की महत्वकांक्षी योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत जिला चिकित्सालय बालाघाट परिसर में संचालित डी ई आई सी में हृदय रोग से पीड़ित जन्मजात बच्चे जिनकी उम्र जन्म से 18 वर्ष तक की है के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ मनोज पांडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालाघाट के द्वारा बताया गया कि उपरोक्त शिविर केवल जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए रहेगा इस शिविर में जबलपुर के डॉक्टर के एल उमा माहेश्वर शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सदस्य के लिए प्राप्त हुआ एक नाम निर्देशन पत्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2023 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रमानुसार सिवनी जिले में जिला पंचायत सदस्य के रिक्त एक पद के लिए क्षेत्र क्रमांक-1 में शामिल 35 पंचायतों के साथ ही जनपद पंचायत सिवनी की ग्रामपंचायत उमरिया, लखनादौन जनपद की ग्राम पंचायत गनेशगंज के सरपंच पद तथा विभिन्न जनपदों के कुल 52 पंचों के लिए उप निर्वाचन होना है। जारी कार्यक्रमानुसार 15 दिसम्बर को निर्वाचन की सूचना उपरांत प्रारंभ हुई नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति की कार्यवाही में बुधवार 20 दिसम्बर को जिला पंचायत सदस्य के लिए कोमल सिंह बघेल ने अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 दिसम्बर 23 को दोपहर 3.00 बजे तक होगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 23 दिसम्बर को तथा अभ्यार्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर 23 दोपहर 3 बजे तक होगी। निर्वाचन कार्यक्रमानुसार रिक्त पदों के लिए 5 जनवरी 2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।







# फर्जी एचएसआरपी नंबर प्लेट विक्रय करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी कर दी गई चेतावनी

**जिला परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जाना अनिवार्य है।**




जिले में विभिन्न दुकानदारों द्वारा फर्जी एचएसआरपी नंबर प्लेट वाहनों में लगाए जाने की शिकायत मिलने में परिवहन विभाग के दल द्वारा विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण कर मौके पर मिली फर्जी नंबर प्लेट को लेकर संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी चेतावनी दी गई है।

उन्होंने बताया कि ऑरिजनल एचएसआरपी प्लेट में यूनिक नंबर दर्ज होता है, जो कि फर्जी नंबर प्लेटों में सम्भव नहीं हैं। अतः जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वह वैद्य डीलरशिप या https://bookmyhsrp.com के माध्यम से ऑनलाईन बुकिंग कर ही नंबर प्लेट बनवाएं।

# आयुष्मान कार्ड जारी करने में लापरवाही करने पर 12 सचिव-रोजगार सहायक का काटा गया एक-एक दिवस का वेतन

**शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभों को पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा उन्हें लाभांवित करने के उद्देश्य से चलाये जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिले में क्रियान्वयन की लगातार समीक्षा की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

यात्रा के दौरान मैदानी अमले को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार योजना से लाभांवित करने के निर्देश दिये गये हैं।

इसी क्रम में 19 दिसम्बर को लखनादौन विकासखण्ड में आयोजित हुई यात्रा के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों में अपेक्षा अनुरूप आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति न आने को लेकर ग्राम पंचायत आदेगांव के सचिव अमित चौकसे, जी आर एस प्रवीण नेमा, ग्राम पंचायत करछुवाई के सचिव झाड़ूलाल यहके, जीआरएस दिनेश उइके, ग्राम पंचायत के पाथरकाठी के सचिव अमित नामदेव, जीआरएस अनिल इनवाती, ग्राम पंचायत गौराबीबी के सचिव राजकुमार यादव, जीआरएस शलचंद सरयाम, ग्राम पंचायत खूबी रै. के सचिव प्रदीप तिवारी, जीआरएस रामसिंह डेहरिया तथा ग्राम पंचायत जोबा पतलोन के सचिव अंजनी मिश्रा एवं जीआरएस सुरेश उइके सहित कुल 12 कर्मचारियों का एक-एक दिवस का वेतन काटने के आदेश जारी किये गये हैं।

### दुर्गाम्बा का नवम पाटोत्सव 24 एवं 25 दिसंबर को आयोजित होगा

केवलारी।- नगर के हृदय स्थल दुर्गा चौक में स्थापित सिद्ध पीठ श्री माता दुर्गाम्बा का नवम पाटोउत्सव विक्रम संवत 2080 शक संवत 1945 मार्गशीर्ष त्रयोदशी चतुर्दशी दिनांक 24 /12 /23 एवं 25 /12 /23 को आयोजित होगा ।दिनांक 24 /12 /23 को नवावरण पूजन, श्री माता पूजन ,सप्तशती चंडीपाठ, हवन पूजन एवं सुहासिनी पूजन एवं दिनांक 25 12/ 2023 को प्रातः 10:00 बजे से संगीतमय नगर भ्रमण शोभायात्रा, अपरान्ह समय छप्पन भोग अर्पण , महाप्रसाद भंडारा एवं महा आरती के साथ नवम पाटोत्सव का आयोजन होगा।मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से पाटोत्सव में शामिल होने की अपील की है।







# अक्षत कलश यात्रा निकली धूमधाम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी नगर के मठ मंदिर से श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह अक्षत कलश विकिरण 22 जनवरी पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी के पूर्व संपूर्ण भारतवर्ष में श्री राम जन्मभूमि से आए हुए अक्षत की कलश यात्रा जिले एवं नगर में निकाली गई विश्व हिंदू परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम जन्मभूमि से आए हुए अक्षत कलश प्राचीनतम मठ मंदिर से शोभायात्रा के रूप में निकालकर नगर के श्री राम मंदिर शुक्रवारी से सिवनी नगर के सभी 24 वार्डों में विकिरण किए जायेगे जहां सभी वार्ड के प्रमुख मंदिरों में अक्षत कलश स्थापित किए गये है कलश यात्रा की सम्पूर्ण तैयारी विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व सनातन धर्म के नागरिकों द्वारा की गई यात्रा को भव्य बनाने में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का विशेष योगदान रहा मठ मंदिर में 31 अक्षत कलशों को सुसज्जित कर संपूर्ण विधि विधान से धर्मगुरु एवं ब्राह्मणों द्वारा पूजन अर्चन कर श्री राम भगवान की आरती के पश्चात कलश यात्रा निकाली गई यात्रा में हजारों की संख्या में जनप्रतिनिधि धार्मिक महिला एवं पुरुषों की हजारों की संख्या में उपस्थिति रही कलश यात्रा में भगवान श्री राम , सीता माता, लक्ष्मण , हनुमान जी की सुंदर झांकी एवं हनुमान जी का रूप धारण किए हुए विशालकाय हनुमान जी के रूप की झांकी ने कलश यात्रा में पदयात्रा कर रहे हनुमान जी के रूप जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा कलश यात्रा में श्री महावीर व्यायाम शाला के स्वयंसेवकों द्वारा शास्त्रों का प्रदर्शन किया गया कलश यात्रा मठ मंदिर से प्रारंभ होकर छिंदवाड़ा चौक ,

# बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा में पकड़ाया मुन्ना भाई

**जिले के लखनादौन विकासखंड मु यालय में संचालित होने वाले शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में फिल्मी अंदाज में परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति द्वारा परीक्षा दिये जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद हडकंप मच गई और जानकारी लगते ही आनन-फानन में महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा संदिग्ध परीक्षार्थी की जांच उपरांत उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मिली जानकारी अनुसार वर्तमान में बीए द्वितीय वर्ष स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा चल रही है और आज सामाज शास्त्र विषय का पेपर था। दोपहर 2 बजे से 5 बजे की पाली में परीक्षा चल रही थी, इसी दौरान महाविद्यालय प्रबंधन को सूचना प्राप्त हुई कि परीक्षार्थी के स्थान पर अन्य युवक परीक्षा दे रहा है। जिसके बाद महाविद्यालय में हडकंप मच गया और तत्काल महाविद्यालय के



प्राचार्य और स्टॉप द्वारा सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गये, आंधा घंटे तक तस्दीकी करने के बाद संदिग्ध युवक को महाविद्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम में लाया गया। इसके बाद महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा परीक्षा दे रहे उक्त युवक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम सौरभ पिता चन्द्रकुमार गोल्हानी 21 वर्ष निवासी गौसांई खमरिया थाना लखनादौन का होना बताया और बताया कि वह देवरी कला निवासी देवेन्द्र राजपूत नामक छात्र के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। पुलिस द्वारा उक्त छात्र को थाने ले गयी जहां उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि उक्त युवक के द्वारा पूर्व में भी दो पेपर इसी तरह दिये गये है। पकड़े गये फर्जी परीक्षार्थी सौरभ ने महाविद्यालय के अतिथि शिक्षक नीलेश गोल्हानी के कहने में परीक्षा देने की बात भी इस दौरान सामने आ रही है।

उल्लेखनीय होगा कि इसके पूर्व भी इसी तरह का एक मामला शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी का भी सामने आ चुका है जहां पर इंदिरा गांधी मुक्त विद्यालय की परीक्षा में इसी तरह का फर्जीवाड़ा सामने आया था जिसके बाद आरोपियों पर कार्यवाही भी हुई थी। इसके बाद यह दूसरा मामला जिले में फर्जी परीक्षार्थी का सामने आया है।

### इनका कहना

आज बीए द्वितीय वर्ष समाज शास्त्र विषय की परीक्षा 2 से 5 बजे की पाली में चल रही थी तभी सूत्रों से फर्जी विद्यार्थी द्वारा परीक्षा देने की जानकारी लगी, जिस पर आंधा घंटे बाद उक्त फर्जी परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र की जांच की गई, जिसके बाद उसे पकड़ा गया और आवेदन बनकर पुलिस को देकर उक्त फर्जी परीक्षार्थी को पुलिस के हवाले किया गया, साथ ही विश्वविद्यालय के उपरजिस्टार को भी उक्त मामले से अवगत कराया गया है और जो तथ्य आयेंगे उन पर आगे कार्यवाही की जायेगी।

**जीएल तलवरे प्राचार्य**
शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय लखनादौन

स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय लखनादौन में परीक्षार्थी के स्थान पर फर्जी युवक द्वारा परीक्षा देने की सूचना मिलने पर महाविद्यालय पहुंचकर उक्त युवक को थाने लाया गया, युवक सौरभ गोल्हानी है जो देवेन्द्र राजपूत के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। मामले में धारा 420 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

**के.पी. धुर्वे**
**थाना प्रभारी लखनादौन**

# विद्युत विभाग द्वारा अवैध पम्प पकड़ने हेतु चलाया सघन चेकिंग अभियान

**विद्युत विभाग के सिवनी संभाग द्वारा विद्युत पम्प कनेक्शन पकड़ने हेतु 10 टीमें गठित की गई है, जिनके द्वारा नदी, नाले एवं नहर में संयुक्त रूप से जांच कर विद्युत चोरी के प्रकरण दर्ज किये जा रहे हैं । प्रत्येक जांच टीम में सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारी के साथ-साथ प्रत्येक टीम में 5 से अधिक सदस्य बनाए गये हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिनके द्वारा प्रतिदिन 1000 से अधिक कनेक्शनों की जांच की जा रही है तथा प्रकरण दर्ज किये जा रहे हैं । जांच टीम द्वारा पाया गया कि किसानों द्वारा नदी, नाले एवं नहर में पम्प लगाकर सिंचाई की जा रही है परन्तु अधिकांश किसानों ने अस्थाई कनेक्शन नहीं लिए हैं जिसके कारण उन पर प्रकरण दर्ज किये गये हैं । कई स्थानों पर पाया गया कि एक पम्प कनेक्शन लेकर एक से अधिक पम्पों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे भी प्रकरण चिन्हित किये गये हैं ।

कार्यपालन अभियंता सिवनी सुभाष राय द्वारा सभी किसानों से अपील की गई है कि सिंचाई हेतु अस्थाई कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें । नदी, नाले एवं नहर में अस्थाई कनेक्शन लेकर ही पम्प चलाएं । साथ ही जिस स्थान के लिए स्थाई/अस्थाई कनेक्शन लिया गया है, उसी स्थान पर पम्प का उपयोग करें । अन्य स्थान पर उपयोग के लिए नवीन कनेक्शन के लिए स्मार्ट बिजली एप से कनेक्शन के लिए एप्लाय करके ऑनलाइन भुगतान कर कनेक्शन प्राप्त करें एवं होने वाली

### बिजली के तारों के संपर्क में आने से एक व्यक्ति झुलस

सिवनी जिले के लखनादौन विकास खंड अंतर्गत आने वाले धूमा थाना क्षेत्र के घूरवाड़ा ग्राम में एक हादसा हो गया। जहां बिजली के तारों के संपर्क में आने से एक व्यक्ति झुलस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार व्यक्ति घर के ऊपर छत में छपाई का काम कर रहा था। जहां अचानक वहां लगे हुए बिजली के तारों की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी परिवार के लोगों ने धूमा पुलिस एवं 108 वाहन में दी। जहां घुलसे हुए व्यक्ति को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की ओर से पूरी घटनाक्रम की जांच की जा रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि पूरा हादसा कैसे हुआ। मृतक का नाम राजेश पिता ओलन सल्लाम उम्र 38 वर्ष है। बताई जा रहा है की लोहे की रॉड बिजली के तारो से टकराने के कारण यह हादसा हुआ है।



कोतवाली पुलिस ने जप्त किया चोरी हुई मोटर साईकिल

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े बाईक चोर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह के द्वारा चोरी गयी मोटर सायकिलों को बरामदगी एवं चोरी करने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने निर्देशित किया गया है जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुरुषोत्तम मरावी के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी के द्वारा एक टीम का गठन किया जाकर चोरी गयी मोटर सायकिलों की सघन तलाश जारी की गयी। जिसमें एक मोटर सायकिल चोर पकडाया जिसके पास से थाना कोतवाली के 02 अपराधों में चोरी गयी 02 मोटर सायकिल जप्त की गयी तथा पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा अलग-अलग स्थानों से 03 अन्य मो.सा. चोरी करना बताया जिसे पुलिस टीम द्वारा जप्त कर थाना प्रांगण में लाकर खड़ा कर दिया गया है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से 05 मोटर सायकिल कीमती लगभग 2.5 लाख की जप्त की गयी है । आरोपी कैलाश पूर्व में भी मोटर सायकिल चोरी की वारदात में पकड़ा गया है जिसके अपराध थाना केवलारी, कान्हीवाडा, बरघाट एवं बंडोल में दर्ज हैं।

आरोपी कैलाश पिता लालचंद पटले उम्र 48 साल निवासी ग्राम सालई टोला थाना कान्हीवाडा हाल निवास मढिया वार्ड बरघाट थाना बरघाट। जप्त मशरूका – 05 मोटर सायकिल कीमती लगभग 2.5 लाख रूपये 01- हीरो कंपनी की एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी22एमएफ 7387 02- हीरो कंपनी की स्पलेंडर क्रमांक एमपी 22 एमडी 9719 03- हीरो हाण्डा कंपनी की स्प्लेंडर चेचिस नंबर MBLHA10EJAHG53957 04- हीरो कंपनी की पेशन प्रो बिना नंबर की चेचिस नंबर MBLHA10BSFHK31496 05- बजाज कंपनी की डिस्कवर बिना नंबर की चेचिस नंबर MD2D3UXZZPAE32048 सराहनीय भूमिका – निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राहुल काकोडिया, सउनि संतोष बेन, सउनि संजय यादव, प्र0आर0 90 सुन्दर श्याम, प्र0आर0 339 मुकेश विश्वकर्मा, आर0 262 नीतेश राजपूत, आर0553 शिवम, आर 748 सिद्धार्थ दुबे, आर 574 राजू भलावी, आर 552 रविन्द्र, आर 729 अजय धुर्वे, आर0 247 इरफान खान की सराहनीय भूमिका रही ।

### शक्ति कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक सामाजिक न्याय ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार द्वारा दिनांक 05 जनवरी 2024 को जिला इंदौर म.प्र. में दिव्यांगजनों हेतु दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन तथा माननीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार का सम्मिलित होना अपेक्षित है। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाशाली दिव्यांगजन नृत्य (एकल/समूह), गायनश, नाटक, ड्राइंग/पेंटिंग इत्यादि क्षेत्र में प्रस्तुत देगें। दिनांक 4 जनवरी एवं 5 जनवरी 2023 को कार्यक्रम हेतु रिहर्सल की जाएगी तथा दिनांक 5 जनवरी 2024 को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। इच्छुक दिव्यांगजन उपरोक्त कार्यक्रम में चयनित होने हेतु अपना ऑडिशन वीडियो तैयार कर समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र सी.आर.सी. की विशेष शिक्षक श्रीमति निम्ना वर्मा के मोबाईल नंबर 8871408874 पर तथा निम्नानुसार लिंक- **htttps:/forms.gle/hbMzSxH8p6X7ThCR7** पर दिनांक 26 दिसंबर 2023 तक भेज सकते है।

## ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति सिवनी ने सौंपा ज्ञापन

# चित्रकूट एक्सप्रेस एवं दयोदय एक्सप्रेस, सेवाग्राम एक्सप्रेस, पेचवैली एक्सप्रेस जिले से चलाये जाने की मांग

**ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति सिवनी द्वारा बताया गया कि सिवनी होकर जो पैसेंजर रेल गाडिया चल रही है उससे अनेक बडे शहरो तक सिवनी, नैनपुर के नागरिको को आवागमन के लिए रेल सुविधा उपलब्ध नही हो पा रही है, यदि चित्रकुट एक्सप्रेस एवं दयोदय एक्सप्ेरस जबलपुर स्टेशन पर 12 से 15 घंटे खडी रहती है**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

यदि इन गाडियों को नैनपुर सिवनी होते हुये छिन्दवाडा तक चलाये जाने से महानगरों तक आवागमन का साधन उपलब्ध कराने का मांग पत्र सिवनी रेल्वे स्टेशन मास्टर के माध्यम से केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर जोन डीआरएम श्रीमति नम्रिता त्रिपाठी के नाम ब्रॉडगे रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। 1.चित्रकुट एक्सप्रेस, दयोदय एक्सप्रेस को -जबलपुर से सीधे छिन्दवाड़ा तक चलाया जाये। 2.सेवाग्राम एक्सप्रेस को - नागपुर से सिवनी स्टेशन तक चलाया जाये। 3.पेचवैली एक्सप्रेस -जो कि छिन्दवाडा से इंदौर चलती है उसे सिवनी से इंदौर तक नई रेल गाडियॉ चलाये जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर विष्णु करोसिया, डॉ. बसंत राय, धुरवनारायण चैधरी, विनोद नाग, गेंदलाल भलावी, सुजीत गोदरे, एड़ मिर्जा फेसल बेग, अजय पेशवानी, नंदलाल यादव, नितिन बघेले, सचिन यादव, राजेन्द्र बघेल उपस्थित रहें।

### ग्राम पंचायत झिंझरई के ग्राम सेलवाड़ा मे सड़क निर्माण की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**मामला जनपद पंचायत घंसौर के ग्राम पंचायत झिंझरई के पोशक ग्राम सेलवाडा के प्राथमिक शाला से यादव मुहल्ला तक 980 मीटर सड़क सुविकृत हे टी एस के अभाव में निर्माण रुका हे और तिहाडी मजदूरों का पलायन जारी हे भी कोरोना बीमारी की फिर सनका हे जिससे देखते हुए ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर महोदय और जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी सिवनी को पत्र लिखा की उक्त सड़क का टी एस करवाकर तत्काल सड़क निर्माण मनरेगा से चालू कराकर तिहड़ी मजदूरों को रोजगार दे पलायन रोके ग्रामीणों में प्रशांत,खेमकरण यादव,दिनेश,राजेश यादव,सुरेश मरावी, तिलोक सिंह, वेजान्ति बाई,दशरथ बेगा, फूलचरण बेगा,पहलबाती बाई,सुनीता बेगा, सुमरन बेगा,पोहप सिंह और समस्त ग्रामीणों में प्रशांत, खेमकरण यादव, दिनेश, राजेश यादव, सुरेश मरावी, तिलोक सिंह, वेजान्ति बाई, दशरथ बेगा, फूलचरण बेगा, पहलबाती बाई, सुनीता बेगा, सुमरन बेगा, पोहप सिंह और समस्त ग्रामीण ने मांग की है की शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य किया जाए।

# जनसमस्या निवारण संस्थान द्वारा संस्थान के स्थापना दिवस पर गर्म कपड़े वितरित किये गए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 20 दिसंबर को संस्थान के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्रीमती पार्वती डहेरिया जिला अध्यक्ष महिला प्रकोस्ट जिला सिवनी द्वारा गरीब बस्ती में जाकर बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चो को स्वेटर व गर्म कम्बलों का वितरण किया गया। आज हम सभी संस्थान का 7वा स्थापना दिवस मना रहे हैं जन समस्या निवारण संस्थान की बुनियाद आज ही के दिन 20.12 2016 को राष्ट्रीय अध्यक्ष परम आकाश प्यासी के द्वारा रखी गई और स्थापना कर समाज में बेसहारा और असहाय व्यक्तियों के दर्द को महसूस कर एक सभ्य समाज की स्थापना के उद्देश्य से संस्था का निर्माण किया और इस राह में अकेले ही चल निकले जब व्यक्ति सत्य के मार्ग पर संकल्पित होता है तो वह अक्सर अकेला ही होता है किंतु धीरे-धीरे कारवां बढ़ता गया और सच्चाई के हाथ जुड़ते गए और बहुत ही कम समय पर जन समस्या निवारण संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए प्रदेश के कई जिलों तक अपने सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक



विस्तार रूप लेती गई सामाजिक संस्था समाज सेवक रूप में अग्रणी संस्थान हो गई और निरंतर ही समाज सेवा के कार्य करने पर उसकी एक अलग पहचान बन गई जन समस्या निवारण संस्थान के द्वारा गरीब असहाय व्यक्तियों की आवाज बनकर उन्हें न्याय दिलाने तथा गरीब लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्य किया जा रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप संस्थान को प्रशासनिक स्तर पर अत्यधिक सम्मान प्राप्त हुआ है और यह संस्था लगातार अपनी एक अलग छाप छोड़ते हुए अपने आप को स्थापित कर चुकी है जिस प्रकार जन समस्या निवारण संस्थान का नाम है उसी प्रकार इसका कार्य भी बहुत ही शानदार रहा है बिना किसी भेदभाव के निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है हम सभी संस्थान के सदस्य अपने आप को गोरांवित महसूस कर रहे हैं और आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास भी है कि यह संस्था इसी प्रकार जन सेवक का कार्य करते हुए शिखर स्तर पर पहुंचकर अपना परचम लहराएगी इसका श्रेय संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष , जिला अध्यक्ष और समस्त सदस्यों को जाता है जिन्होंने अपनी मेहनत से संस्थान की आधारशिला को विकसित ओर मजबूत बनाया है।

### खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर को जिला चिकित्सालय का प्रभारी अधिकारी किया नियुक्त

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने अपर कलेक्टर श्री ओपी सनोडिया को जिला चिकित्सालय में प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। जिला चिकित्सालय की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर श्री ओपी सनोडिया को आगामी आदेश पर्यन्त चिकित्सालय का प्रभारी अधिकारी का कार्य देखेंगे। जिला चिकित्सालय से संबंधित कोई शिकायत हो तो प्रभारी अधिकारी श्री सनोडिया के मोबाईल नं. 7587970901 पर सूचना दे सकते है।

### वर्चुअल युवा उत्सव का 27 दिसम्बर को आयोजन

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण के निर्देशानुसार इस वर्ष वर्चुअल युवा उत्सव का आयोजन 27 दिसम्बर को मुलना स्टेडियम स्थित कक्ष में किया जा रहा है। युवा उत्सव में केवल 08 विधाए- लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिला खेल एवं युवा कल्याण द्वारा जारी प्रेसनोट अनुसार युवा उत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष होगी। इसके उपरांत संभाग/राज्य एवं राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन होना है। अतः जिले के कोई भी प्रतिभागी अपनी कला प्रर्दशन का विडियो बनाकर इस कार्यालय अथवा श्री लवकुमार नगपुरे के मोबाईल नम्बर 9630157687 पर सम्पर्क कर 26 दिसम्बर के पूर्व विडियों जमा कर सकते है। ताकि 27 दिसम्बर 2023 को निर्णायक समिति के समक्ष प्रतिभागियो का चयन कर उन्हे संभाग हेतु भेजा जा सके। अधिक जानकारी एवं विस्तृत मार्गदर्शन के लिये कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग मुलना स्टेडियम से सम्पर्क किया जा सकता है।

### व्यापारी कल्याण संघ किरनापुर में चुनाव विषयक को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**किरनापुर ।** मुख्यालय स्थित व्यापारी कल्याण संघ किरनापुर के चुनाव विषयक सूचनार्थ को लेकर एसडीएम किरनापुर सुधाकर सिंह बघेल को ज्ञापन सोपा गया । उन्होंने बताया कि विगत लगभग 7 वर्ष पूर्व चुनाव किया गया था, वर्तमान कार्य प्रणाली सहित एवं कोरोना जैसी महामारी में सहभागिता कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। नवीन कार्यकारीणी के गठन हेतु चुनाव आगामी 24 दिसंबर रविवार को मतदान प्रणाली से किया जा रहा है, चुनाव एवं निर्बाध संपन्न ना हो इस हेतु आपसे मार्गदर्शन अपेक्षित है। मतदान स्थल पुष्पा कंपलेक्स आमगांव रोड किरनापुर में 24 दिसंबर रविवार को 10:00 बजे से 3:00 बजे तक संपन्न किया जाना है ,अध्यक्ष व्यापारी कल्याण संघ किरनापुर नरेंद्र अग्रवाल एवं सहसचिव पराग मोदी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया।

## प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण, अधिकारी रहे मौजूद

# ओवर ब्रिज को लेकर प्रशासनिक प्लानिंग पर काम शुरू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगर के सरेखा ओवरब्रिज को लेकर प्रशासनिक प्लानिंग पर काम शुरू हो गया है, प्लानिंग की पहली ही कार्यवाही में ओवरब्रिज के पिल्लर और अंडरपास में बाधक बन रहे सरेखा रेल्वे क्रासिंग से लगे टीनशेडो में लगी दुकानों को हटाने की कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम राहुल नायक, सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा, तहसीलदार, पुलिस और नपा का अमला मौजूद था।

गौरतलब हो कि बहुप्रतिक्षित सरेखा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मंदम गति को बढ़ाने में लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने सरेखा रेलवे फाटक को बंद किए जाने के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी थी। जिसे देखते हुए मार्ग के बंद हो जाने से जनता को आवागमन में परेशानी को लेकर प्रशासन ने गत दिवस वैकल्पिक रास्तो की टोह ली थी।

जिसको लेकर प्रशासन ने 10 दिवसीय प्लान तैयार है, जिस पर प्रशासन ने क्रियान्वयन करना शुरू कर दिया है और बुधवार 20 दिसंबर को की गई कार्यवाही, इसी का नतीजा है। अब प्रशासन के सामने नवेगांव से गोंगलई-गायखुरी होते हुए डेंजर रोड से बाइपास आवागमन को दुरुस्त करने की चुनौती है।

इसके अलावा जल्द ही अंडरपास ब्रिज का निर्माण को पूरा करवाए, ताकि शहर के आवागमन को डायवर्ड कर मजबूती से ओवरब्रिज के निर्माण को कराया जाए। इसके बाद अब शहर के अलावा जिले के लोगों को आवागमन के वैकल्पिक मार्ग पर ही आवागमन करना होगा। जिसकी प्रशासन ने उम्मीद जताई है, लेकिन नए साल में जिले को पहला सरेखा रेलवे ओवरब्रिज मिलने जा रहा है, हालांकि इसके लिए अभी महिनो का इंतजार करना पड़ेगा, लेकिन जितने जल्दी सरेखा फाटक से आवागमन को डायवर्ड करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, उतनी ही द्रुतगति से ओवरब्रिज और अंडरपास ब्रिज का निर्माण होगा, जिसका फायदा शहर के आवागमन से लेकर परिवहन तक होगा।

## फूड पॉइजनिंग : पुलिसकर्मी सहित पांच लोगों की तबीयत बिगड़ी

### सभी ने एक जगह से खरीदी थी सब्जी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। यहां पर पांच अलग-अलग परिवार ने एक ही जगह से सब्जी खरीदी थी। घर जाकर पकाकर खाया तो पांच लोगों की तबीयत बिगड़ गई। फिलहाल सभी का इलाज शहर के निजी अस्पतालों में चल रहा है।

खाना खाने के बाद पुलिसकर्मी तेकाम सहित तुलसी मरकाम, वर्षा तेकाम, निकिता और श्रीकांत बाहे की तबीयत बिगड़ी है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। पशु चिकित्सा सेवाएं अतिरिक्त उपसंचालक, ट्राइबल स्टडी सर्कल के संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम परते ने जानकारी मिलने पर अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की। डॉ. पुष्पा धुर्वे से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

# सतनाम कृषि केन्द्र बम्हनी में निरीक्षण के दौरान पाया उर्वरक एवं कीटनाशक का अवैध भण्डारण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




19 दिसम्बर को उप संचालक कृषि राजेश कुमार खोबरागड़े एवं बीज निरीक्षक सुनिल कुमार बागड़े के द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान ग्राम-बम्हनी, विकासखण्ड-किरनापुर, बालाघाट मेसर्स सतनाम कृषि केन्द्र बम्हनी का निरीक्षण किया गया जिसमें सतनाम कृषि केन्द्र के संचालक थमनदास पटले के द्वारा अपनी दुकान के पीछे वाले गोदाम में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक दवा का भण्डारण करना पाया गया। उक्त कृषि आदान सामग्री के क्रय-विक्रय एवं भण्डारण से संबंधित दस्तावेज मांगे जाने पर संचालक श्री थमनदास पटले द्वारा बीज विक्रय से संबंधित अनुज्ञप्ति प्रस्तुत की गई। किन्तु वैधानिक स्त्रोत प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये गये है। उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं के क्रय-विक्रय एवं भण्डारण से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये, जिसे संदिग्ध होने पर NFL कम्पनी का यूरिया 36 बैग, IFFCO कम्पनी का डी.ए.पी. 10 बैग, कृष्णा फास्फेट प्रा.लि. कम्पनी का ए.पी.एस. (20:20:0:13) 13 बैग, कविता बायो फर्टीलाईजर परमालकसा राजनांदगाँव कम्पनी का आनंद छाप बायो सुपर दानेदार व पाउडर 94 बैग तथा (20:10:20) 03 बैग कुल 156 बैग का अवैध रूप से भण्डारण करना पाया गया है। एवं संबंधित के कृषि केन्द्र में लगभग 50 लीटर कीटनाशक का अवैध भण्डारण भी पाया गया। जिसे तत्काल में विक्रय प्रतिबंधित किया गया। सतनाम कृषि केन्द्र बम्हनी के पास वैधानिक उर्वरक व कीटनाशक अनुज्ञप्ति भी नहीं पाई गई है। जिससे सिद्ध होता है, कि श्री थमनदास पटले द्वारा जिले की किसानों के साथ धोखाधड़ी कर आर्थिक लाभ अर्जित किया जा रहा है। थमनदास पटले द्वारा अवैधानिक तरीके से उर्वरक, बीज व कीटनाशक का व्यापार किया जा रहा है। जिससे आई.पी.सी. की धारा-420, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3 एवं धारा-7 तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा-7, बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के नियम 17 एवं कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा-13 (1), धारा-10 (4) का स्पष्ट उल्लंघन है।



## कलेक्टर ने कंट्रोल रूम से जिले के नाकों पर रखी नजर



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेश पर कंजई (लालबर्रा), रजेगांव (किरनापुर), नहलेसरा (कटंगी), गुडरू (लामता), सालेटेकरी (बिरसा), नाटाबारिया व खैरलांजी (परसवाड़ा), रिसेवाड़ा व कुलपा (लांजी), खैरी व मोवाड़ (खैरलांजी) पर उपार्जन चेकपोस्ट सीसीटीवी से लैस स्थापित की गई। वही सीमावर्ती चेकपोस्ट पर कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में अवैध तरीके से धान बेचने या जिले से बाहर लेजाने में कोई कामयाब न हो इसके लिये जिला मुंख्यालय कंट्रोल रूम में सतत निगरानी की जा रही है। इस कडी में आज कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कलेक्टरर कार्यालय में स्थालपित कंट्रोल रूम में पहुच कर आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीइओ श्री रणदा, एएसआई मंडी मनोज एवं अनिल लिल्हाटरे उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले के सीमावर्ती बैरीयर में लगे सीसीटीवी कैमरों से चैकपोस्ट की निगरानी की साथ ही जानकारी ली। उन्होने निर्देशित किया सोसायटी नोडल से प्रतिदिन चैकपोस्ट की जानकारी ली जाऐ जिसमें नाकों से कितने ट्रक पास हो रहे है कितने बाहर जा रहे है और कितनो में मंड़ी शुल्का जमा किया। साथ ही सभी ट्रकों की जांच कि जाये । श्री मिश्रा ने निर्देशित करते हुए कहा नोडल से यह भी जानकारी लें सोसायटी अंतर्गत आने वाले बडे किसानो का सत्यापन की डेली रिपोर्ट प्रस्तुत करे। मंडी में धान उपार्जन, धान उठाव व मिलर्स की मेंपींग के साथ उनके ट्रको की जानकारी ली जाऐ प्रतिदिन कितने ट्रकों से टोटल कितने धान का उठाव किया गया। प्रतिदिन सोसायटी में कितने ट्रक लगाये गये उनकी जानकारी प्रस्तूत करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया की रात्री में नाकों का सत्यापन कर जप्त गाडियों की जानकारी लें वही नाकों से निकासी ट्रकों की जानकारी ली।

# 20 पंचायतों में संकल्प यात्रा पहुंची

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को जिले के 10 विकासखंडो में पहुंची। यात्रा के दौरान ग्रामीणजनों को विभिन्न योजनाओं के लाभ के साथ-साथ विकसित भारत के लिये संकल्प भी दिलाया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किये जा रहे है। बुधवार को बैहर जनपद के ग्राम हट्टा व गढी, परसवाड़ा के ग्राम अरंडिया व भीकेवाड़ा, लांजी के ग्राम खजरी व ककोड़ी, कटंगी के ग्राम कोडमी व लोहमारा, बालाघाट के ग्राम सकरी व गुडरू, वारासिवनी के ग्राम दिनी व दिनेरा, किरनापुर के ग्राम भालवा व निम्देवाड़ा, खैरलांजी के ग्राम सतोना व सेलोतपार, बिरसा के ग्राम निक्कुल व बलगांव और लालबर्रा जनपद के ग्राम बांदरी व नेवरगांव ला. में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण हुआ।

### गुरुवार को इन गॉवों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का गुरुवार को बैहर जनपद के ग्राम घुईटोला व पांडुतला, परसवाड़ा के ग्राम चंदना व कनई, लांजी के ग्राम बोलेगांव व भिमोड़ी, कटंगी के ग्राम चिचगांव व सिगोड़ी, बालाघाट के ग्राम कुकड़ा व मोहगांव, वारासिवनी के ग्राम लडसडा व पदमपुर, किरनापुर के ग्राम कुण्डे व करियादंड, खैरलांजी के ग्राम सिवंघाट व नोन्सा, बिरसा के ग्राम भंडारपुर व बाकीगुडा और लालबर्रा जनपद के ग्राम बहेगांव व जाम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण होगा।

### जिला पंचायत के सभागार में हुई सामान्य सभा की बैठक

**बालाघाट।** जिला पंचायत सभागार में बुधवार को हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में आजीविका मिशन, पंचायत प्रकोष्ठ, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, एमडीएम एवं शिक्षा तथा अन्य विषय में विस्तृत चर्चा की गई। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को प्रोटोकॉल के तहत महत्व दिया जाये। स्व सहायता समूहों की जानकारी जनपदवार वर्तमान में कितने स्व-सहायता समूहों एवं हितग्राही को क्या क्या कार्य दिया गया है कि जानकारी उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। सदस्यगणो द्वारा खाद्य अधिकारी से मध्यान्ह भोजन प्रदाय करने वाले स्व सहायता समुहो को नियमानुसार राशन प्रदाय करने में बायोमेट्रिक नही लगने पर राशन लेप्स होने की शिकायत मिल रही है। जिसका समाधान कराने कहा गया तथा कितने स्व सहायता समूहों के पास काम है या नहीं, आजीविका मिशन के समूहों के लिये कितनी राशि आई है, सभी जनपद में आजीविका मिशन अंतर्गत कौन-कौन सी योजनायें चल रही है उसमें क्या-क्या कार्य हो रहे हैं और कितनी-कितनी राशि समूहों को आवंटित की गई है की जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगों ने सामर्थ प्रदर्शन किया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** गुरुवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किये गए। आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगो के लिए रंगोली प्रतियोगिता फूल सज्जा मेंहदी व्हीलचेयर प्रतियोगिता मटकी फोड़ प्रतियोगिता कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ और विशेष रूप से बेल लिपि एवं साइन लैंग्वेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सभी दसों विकासखंड से 10-10 बच्चों को लिया गया है जो जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा बने। जिला स्थित प्रतियोगिता में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा भी दिव्यांगों का होसलावर्धन करने पहुँचे। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर ट्राईसाईकिल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस आयोजन के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष श्री सम्राट सरसवार, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर एवं सभी जिला पंचायत के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्राट सरसवार ने कहा आप लोग ऐसा जजबा हमेशा बनाये रखे और कभी हार न माने ईश्वर ने सभी को कुछ ना कुछ टेलेंट दिया हुआ है। सरकार के साथ हम जनप्रतिनिधि भी आपके साथ है। मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि भारती ठाकुर ने दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुये कहा आप हमेंशा आगे बड़े और अपना मनोबल बनाये रखे। उन्होंने दिव्यांगजनों की सराहना करते हुये कहा आप किसी से कम नही है।

## 2500 रूपये रेत की रायल्टी से हो रही ग्रामीणों की जेब ढीली

# रेत की रायल्टी कम कराने लांजी विधायक ने सौंपा सीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



विधानसभा क्षेत्र लांजी में पीएम आवास का निर्माण करा रहे ग्रामीणों को पिछले काफी समय से भवन निर्माण कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है की रेत की रायल्टी मंहगी होने के कारण उन्हें प्रति ट्राली रेत लगभग 4 से 5 हजार रूपये में पड़ रही है ऐसे में पीएम आवास योजना के तहत मिली राशि से उनका सपनों का घर बनने में उन्हें दिक्कते आ रही है। इस संबंध में ग्रामीणों ने लांजी क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक राजकुमार कर्राहे को रेत की रायल्टी कम कराने की मांग की थी । जिसे संज्ञान में रखते हुए क्षेत्र के विधायक श्री कर्राहे सीएम मोहन यादव से मुलाकात के दौरान रेत की रायल्टी कम करने की मांग रखी जिसे गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री श्री यादव ने तुरंत दूरभाष पर बालाघाट कलेक्टर से जनहित में रेत की रायल्टी कम करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद विधायक श्री कर्राहे ने भी कलेक्टर बालाघाट से दूरभाष पर चर्चा की जिसके बाद कलेक्टर श्री मिश्रा ने शीघ्र ही जिले के रेत के ठेकेदारों के साथ बैठक कर जनहित में निर्णय लेने की बात कही। उल्लेखनीय है की लांजी क्षेत्र की जनता ने विधायक श्री कर्राहे के सीएम श्री यादव को सौंपे ज्ञापन की खबर जैसे ही क्षेत्र के लोगो सोशल मीडिया एवं अन्य संसाधनों से पता चली तो सभी सभी में हर्ष व्याप्त है। लोगों का कहना है की विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी को जो ज्ञापन सौंपा गया है वह एक सराहनीय पहल है, आज लांजी किरनापुर ही नहीं संपूर्ण बालाघाट में रेत की रॉयल्टी बढने के कारण रेत 4500 रुपए प्रति ट्रैक्टर बिक रही है जो प्रधानमंत्री आवास योजना से मिली राशि से अपना घर बना रहे है और जो निर्धन परिवार है तथा एक-एक पूंजी जोड़कर अपने आशियाने तैयार करते है उन्हें इतनी मंहगी रेत खरीद पाना संभव नहीं था परंतु लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे की पहल से उन्हें काफी राहत मिलने की संभावना है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में उन्नत तकनीक के प्रति किसानों में उत्साह जागा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



विकसित भारत संकल्प यात्रा में किसानों को उन्नत तकनीकीयुक्त आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे है ताकि किसान कम समय में आधुनिक यंत्रों की मदद से अच्छी पैदावार लें सकें। इसके लिए भारत संकल्प यात्रा के दौरान किसानों को शिविरों में ड्रोन की मदद से तरल उर्वरक एवं कीटनाशक का छिंड़काव करना सीखाया जा रहा है। इसके लिए जिले में एक ड्रोन की मदद से किसानों को खेतों में जाकर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। वहीं उन्नत आधुनिक खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। किसानों को प्रेरित करने का सिलसिला आगामी 26 जनवरी तक चलेगा।

खेतों तक पहुँच कर दिखाया डेमो

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गुरुवार को विकासखंड-खैरलांजी के ग्राम सतोना/ सेलवटपार में 210 कृषकों, विकासखंड-बैहर के ग्राम हट्टा/ गढ़ी में 157 कृषक विकासखंड-परसवाड़ा के अंरडिया/ भीकेवाड़ा में 196 कृषक, विकासखंड-लांजी के ककोड़ी/ बोलेगांव में 310 कृषक, विकासखंड-कंटगी के ग्राम कोड़मी/ लोहमारा 220 कृषक, विकासखंड-बालाघाट के ग्राम सकरी/ गुडरू में 288 कृषक, विकासखंड-वारासिवनी के ग्राम दिनी/ दिनेरा में 253 कृषक, विकासखंड- किरनापुर के ग्राम भालवा/ निम्देंवाड़ा में 235 कृषक, विकासखंड-खैरलांजी के ग्राम सतोना/ सेलवटपार में 255 कृषक, विकासखंड-बिरसा के ग्राम निम्कुडम/बलगांव में 180 कृषक, विकासखंड-लालबर्रा के ग्राम बांदरी/नेवरगांव ला में 220 कृषकों को आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरक नैनो यूरिया के छिंड़काव का प्रदर्शन कृषि विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के माध्यम से किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान किसानों को ड्रोन तकनीक से अवगत कराया जा रहा है जिसमें ड्रोन की कीमत से लेकर फायदों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। अत्याधुनिक ड्रोन की कीमत लगभग 9 लाख 24 हजार रूपए है। इसमें सामान्य वर्ग के कृषकों को 40 प्रतिशत और अनुसूचित जाति, जनजाति, लघु व सीमांत किसान, महिला किसान को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है, तथा किसान लगभग 4 से 5 लाख रूपये की छूट पर ड्रोन खरीद सकता है। ड्रोन से 10 मिनिट में लगभग एक एकड़ जमीन पर आसानी से छिड़काव किया जा सकता है। स्वाईल हेल्थ कार्ड योजनांतर्गत जिले के कृषकों को निः शुल्का स्वाईल हेल्थ कार्ड का वितरण एवं पीकेवीवाय योजनांतर्गत प्राकृतिक खेती के जीवंत प्रदर्शन, बलराम तालाब योजना तथा सोलर लाइट टैप का कृषकों के खेतों में प्रदर्शन किया जाकर तकनीकी मार्गदर्शन किसानों दिया जा रहा है।

## मॉयल में इंसेटिव बोनस भुगतान नियमानुसार किया गया : देवांगन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मॉयल कामगार संगठन कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संगठन के महामंत्री रामअवतार देवांगन ने अपने लोगों को सम्बोधित करते हुए जानकारी दिया कि दीपावली के अवसर पर मॉयल लिमिटेड की सभी खदानों में जिस प्रोत्साहन राशि का भुगतान बोनस के रूप में किया गया है वह नियमानुसार है उसमें कहीं कोई किसी तरह की गलती नहीं की गई है। चूंकि मॉयल ए शेडयूल कंपनी के अंतर्गत आती है इस कारण उसके अपने कुछ मापदंड और नियम है। इसी के अंतर्गत कार्य किया जाता है। कुछ लोग अपने राजनीतिक हितों के लाभ के लिये मॉयल के कामगार कर्मचारियों को गुमराह करके लोगों को भ्रमित कर रहे है वह उन्हें अधिक बोनस दिलायेगें, जो दिया गया है वह कम है क्योंकि ये बिल्कुल भी नामुमकिन है कि इन्सेटिव बोनस 50 हजार से 1 लाख तक वितरित किया जायेगा। हर भुगतान के अपने कुछ नियम होते है उसका पालन करते हुए ही कार्य किया जाता है। मॉयल कामगार संगठन ने जो इंसेटिव बोनस स्वीकार किया वह नियमानुसार है। मेरा कामगार कर्मचारियों से आग्रह है कि वह किसी भी तरह के अफवाह एवं भ्रम का शिकार न हो, न ही इसकी लड़ाई लड़ने के लिये किसी को अपना चंदा दें। क्योंकि मॉयल प्रबंधन ने भी सभी पहलुओं पर विचार करते हुए जो नियम कहते है उसके अनुसार ही कार्य किया है। ए शेडयूल कंपनी होने के बाद बहुत सारे नियमों का पालन करना होता है, उसके सरकार ने अपने मापदंड तैयार किये है और उसी के अनुसार कार्य करना पड़ता है। जिनको ए शेडयूल कंपनी के नियम की जानकारी नहीं है वह लोग भ्रम फैलाकर अपना आर्थिक स्वार्थ साधने और लोगों को गुमराह करने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। देवांगन ने कहा कि मॉयल कामगार संगठन अपने कामगार कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं उन्हें अधिक से अधिक आर्थिक लाभ एव सुख सुविधा दिलाने के लिये निरंतर संकल्पित है, उसमें कहीं कोई कमी नहीं रखी गई है। कामगार कर्मचारी साथियों को अफवाहों से बचना चाहिये। मॉयल प्रबंधन के मुखिया अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक अजीत कुमार सक्सेना के नेतृत्व में कामगार कर्मचारी वर्ग को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। हर कार्य की अपनी प्रक्रिया होती है उसको पूर्ण करने में समय लगता है इस बात को भी हम सबको समझना चाहिये।